90वां दिन का पत्र-प्रगति में

तिथि:

प्रिय माता-पिता:

हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, आपका बच्चा Wisconsin में स्कूल में उपस्थित होने के लिए आवश्यक सभी टीकाकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। हम आपको टीकाकरण का अपॉइंटमेंट लेना जारी रखने और अपने बच्चे को उस अपॉइंटमेंट पर ले जाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि सुनिश्चित हो सके कि आपका बच्चा अपनी उम्र के अनुसार टीकाकरण कराके तैयार है।

टीकाकरण हमारे बच्चों को बीमारियों और उनके कारण होने वाली जटिलताओं से बचाने के सबसे महत्वपूर्ण विधियों में से एक है। स्कूल जाने वाली उम्र के बच्चों के लिए टीकाकरण खास तौर से महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्कूल में बच्चे ऐसे दूसरे बच्चों के संपर्क में नियमित रूप से आते हैं, जिन्हें इन बीमारियों से सुरक्षा मिली है या नहीं, यह पता नहीं होता।

Wisconsin Student Immunization Law (स्टुडेंट इम्यूनाइजेशन लॉ) का अनुपालन करने के लिए आवश्यक टीकाकरण प्राप्त करने के लिए, कृपया अपने बच्चे के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें। अपने बच्चे के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को Wisconsin Immunization Registry (इम्यूनाइजेशन रजिस्ट्री) और आपके द्वारा अपने बच्चे हेतु लिए गए किसी टीकाकरण के रिकॉर्ड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे निर्धारित किया जा सके कि आपके बच्चे को कौन सा टीका मिलना चाहिए। अगर आपके बच्चे का कोई स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नहीं है तो यह निर्धारित करने के लिए कि आपका बच्चा स्वास्थ्य विभाग में टीकाकरण प्राप्त करने के योग्य है या नहीं, कृपया अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग संपर्क जानकारी इस वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है: https://www.dhs.wisconsin.gov/lh-depts/counties.htm

कृपया ध्यान रखें कि अगले स्कूल वर्ष में आपके बच्चे के टीकाकरण रिकॉर्ड का पुनर्मुल्यांकन किया जाएगा, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उसका अपनी उम्र के हिसाब से पर्याप्त टीकाकरण हो चुका है या फाइल पर कोई waiver (छूट) मिली है। अगर आपके बच्चे के लिए पर्याप्त दस्तावेजीकरण नहीं मिलता है तो हो सकता है कि उसे स्कूल न आकर घर में रहना पड़े।

टीका और टीकाकरण के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: https://www.cdc.gov/vaccines-children/index.html

टीकाकरण द्वारा जिन बीमारियों से बचाव हो सकती है, उनसे Wisconsin स्कूल के सभी बच्चों को सुरक्षित रखने में हमारी मदद के लिए आपका धन्यवाद।